Regarding New Education Policy in Rajasthan

श्री अमरा राम **(सीकर) :** सभापति महोदय, राजस्थान के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में है । जो 457 महाविद्यालय, जो फोर ईयर का कोर्स कराते हैं, जिसमें बीए-बीएड और बीएससी-बीएड होती है, उन 457 महाविद्यालयों को निश्चित रूप से नई शिक्षा नीति के तहत बदलना था और फरवरी 2025 में उनसे एप्लिकेशन भी ले ली गई और दो-दो लाख रुपये भी ले लिए गए । जबकि तीन तारीख तक उनको परमिशन एनसीईआरटी की तरफ से मिलनी चाहिए थी, लेकिन वह आज तक नहीं मिली है । लाखों विद्यार्थी, जो इस कोर्स में जाना चाहते हैं, राजस्थान में और विशेष तौर से मेरे लोक सभा क्षेत्र में इन 457 में से 200 महाविद्यालय वहां हैं, वहां के विद्यार्थियों के लिए, वहां के स्ट्रक्चर के लिए सरकार को ध्यान देना चाहिए । इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि तुरंत इसको किया जाए । ? (व्यवधान)